Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
मंझनपुर, कौशाम्बी– 212207

पत्रांक : 2546 / M-8 / 54 दिनांक : 25/5/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः दिनांक 25.05.2026 को अमर उजाला न्यूज पर प्रकाशित खबर की निस्तारण आख्या उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक समाचार पत्र अमर उजाला में दिनांक 25.05.2026 के अंक मे प्रकाशित खबर ''79 में सिर्फ 15 गांवों तक पहुंचा नल का पानी, ढाई सौ हैंडपंप फेल'' के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जनपद कौशाम्बी के विकास खण्ड– सिराथू में में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 58 नग पेयजल योजनाएँ निर्माणाधीन है, जिसके सापेक्ष 25 नग योजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराया जा चुका है तथा 72 नग राजस्व ग्रामों में उच्च जलाशय एवं सीधे पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति भी की जा रही है। समाचार में उल्लिखित राजस्व ग्राम क्रमशः तुलसीपुर, गम्भीरा पूरब एवं राघवपुर में जलापूर्ति के दौरान पाये गये लीकेजों के मरम्मत का कार्य कराया जा रहा हैं। योजनाओं के समस्त निर्माण कार्य 31.03.2027 तक पूर्ण कराने का लक्ष्य है, जिसे समयान्तर्गत पूर्ण करा लिये जायेगें। साथ ही साथ प्रकाशित समाचार में हैण्डपम्पों के रिबोर के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि हैण्डपम्पों के रिबोर का कार्य ग्राम पंचायत/पंचायती राज विभाग के स्तर से कराया जा रहा है।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, कौशाम्बी।
3. मुख्य विकास अधिकारी, कौशाम्बी।
4. जिला सूचना अधिकारी, कौशाम्बी।

अधिशासी अभियन्ता

CamScanner
Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner